हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 25 नवम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में भगवान श्री कृष्ण के पवित्र शंख के सम्मान में निर्मित " पंचजन्य स्मारक " का लोकार्पण किया ।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई ।

3. प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित शहीदी समागम को संबोधित किया ।

- श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित डाक टिकट व सिक्का भी जारी किया गया ।

4. आज हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस पूरे हरियाणा में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है ।

5. करनाल सहकारी चीनी मिल का पिराई सत्र शुरू हुआ। इस सीजन 50 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई का लक्ष्य रखा गया है ।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा में कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में श्रीकृष्ण के पवित्र शंख के सम्मान में निर्मित 'पांचजन्य स्मारक” का लोकार्पण

किया। श्री मोदी ने ज्योतिसर में अनुभव केंद्र का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनके साथ मौजूद रहे।

*************************************************************
***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है।

***<u>आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के हृदय में अद्‌वितीय संतोष है, असीम कृतज्ञता है, आपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। आज उस यज्ञ की पूर्ण आहुति है जिसकी अग्नि पांच सौ वर्ष तक प्रज्जवलित रही।</u>***

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

***<u>भारत लोकतंत्र की जननी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। साथियों अगर आप तमिलनाडु जाएंगे तो तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में उतिरमेरूर गांव है वहां हजारों वर्ष पहले का एक शिलालेख है। उसमें बताया गया है कि उस कालखंड में भी कैसे लोकतांत्रिक तरीके से शासन व्यवस्था</u>***

***चलती थी। लोग कैसे सरकार चुनते थे। लेकिन हमारे यहां तो मैग्ना कार्टा की प्रशंसा का ही चलन रहा।***

***************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्द दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने शीश नवाया और बाद में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींढा भी उनके साथ मौजूद रहे।

ज्योतिसर में आयोजित शहीदी समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर आकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारा हौसला बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि गीता और गुरुओं की पावन धरा की गरिमा आज कई गुना बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में पहली नवंबर से पूरे प्रदेश में श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर चार यात्राएं निकली गई और प्रदेश में 350 रक्तदान शिविरों का भी किया गया।

उन्होंने बताया कि गुरु जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में श्री गुरु तेग बहादुर अनुसंधान पीठ स्थापित किया गया है। इसके अलावा यमुनानगर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम से एक वन, वन्य जीव एवं जीव वैद्यता संरक्षण ब्लॉक का उद्घाटन किया गया। यमुनानगर के 45 एकड़ में बनने वाले कृषि विश्वविद्यालय का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा । समाचार लिखे जाने तक प्रधानमंत्री समागम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

बाद में वे ब्रह्मसरोवर पर पूजा अर्चना करेंगे।

************************************************************
********

आज हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

हरियाणा में कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। संगत की उपस्थिति में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक दरबार हॉल में लाया गया और अरदास कर के विधिवत प्रकाश किया गया। पंज प्यारों की अगुवाई में "जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल!" के जयंकारे के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को शीश पर उठा कर मुख्य मंच तक ले जाने की पवित्र 'पालकी सेवा' निभाई।

शहीदी दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कीर्तन, गुरबाणी पाठ, समागम, और गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ भी शामिल रहीं।

************************************************************
******

अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित गोबिंद नगर गुरुद्वारे से श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन निकाला गया जो अंबाला छावनी के महेश नगर चौक सुभाष पार्क चौक सहित विभिन्न स्थानों से होता हुआ निकला। दिल्ली शीशगंज गुरुद्वारा से शुरू हुई शीश मार्ग यात्रा भी आज सुबह अंबाला शहर के गुरुद्वारा शीश गंज साहिब पहुंची। भाई मंजीत सिंह गंगा नसृरी वाले इस यात्रा के साथ अंबाला पहुंचे । शीश मार्ग यात्रा का अंबाला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा लगभग 2 घंटे तक अंबाला में रूकी।

अंबाला शहर के गुरुद्वारा शीश गंज साहिब में दीवान सजाए गए ।

****************************************************************
********

दशम पातशाही गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में भी शहीदी दिवस मनाया गया। जिसमें पंचकुला के अतिरिक्त हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब के कई स्थानों से साध संगत ने गुरु घर में माथा टेका तथा मानवता के भले की कामना की। इस अवसर पर विशेष कीर्तन आयोजित किए गए।

****************************************************************
*********

हरियाणा विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं विधायक रामकुमार कश्यप ने आज हवन-यज्ञ के साथ करनाल सहकारी चीनी मिल के 50 वें पेराई सत्र का शुभारंभ किया। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा विडिओ के माध्यम से उद्घाटन अवसर से जुड़े।

रामकुमार कश्यप ने किसानों को आश्वासन दिया कि, मिल में उन्हें किसी तरह की भी परेशानी नहीं होगी और उन्हें उनकी उपज का समय पर भुगतान किया जायेगा।

मिल की प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि मिल ने इस सीजन में 50 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मिल को गन्ना रिकवरी और विकास में उपलब्धियों के लिए 21 बार सम्मानित किया गया है और लगातार 3 साल से तकनीकी दक्षता में इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

****************************************************************
*****************

पलवल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में 28 नवंबर से पहली दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में हवन यज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, प्रदर्शनी, झांकियों, नगर शोभा यात्रा आकर्षण के प्रमुख केंद्र होंगे।

*************************************************************************

डाक विभाग आमजन में लेखन के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए ढाई आखर पत्र लेखन शीर्षक से एक लेखन प्रतियोगिता करवा रहा है। परिमंडल और राष्ट्रीय स्तर पर 7 सितंबर को शुरू हुई इस प्रतियोगिता में 8 दिसंबर तक भाग लिया जा सकता है।

उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में हिंदी और अंग्रेजी भाषा में प्रवेश संभव है। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले को 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि द्वितीय पुरस्कार में 25 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार में 10 हजार रुपए दिए जाएंगे।

*************************************************************************